**बरेली पुलिस**

**प्रेसनोट दिनांक 25.08.2026**

**थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।**

**थाना फतेहगंज पश्चिमी #bareillypolice द्वारा कुल 347 ग्राम अवैध स्मैक सहित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी फतेहगंज पश्चिमी के नेतृत्व में दिनांक 25.08.2026 को थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम के उप नि0 आदेश कुमार मय हमराही हे0कां0 984 विक्की सिंह, कां0 3050 अक्षय कुमार व रि0कां0 2587 शिवा पुंडीर द्वारा मुखबिर की सूचना पर नखासा बाजार कस्बा फतेहगंज पश्चिमी व रहपुरा अण्डरपास से 1.शबाब अहमद पुत्र शकील अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली, उम्र करीब 20 वर्ष व 2. मौ0 आसिफ पुत्र आशिक हुसैन निवासी मोहल्ला अंसारी वार्ड नं0 05 कस्वा व थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली को कुल 347 ग्राम अवैध स्मैक (अभियुक्त शबाब से 037 ग्राम अवैध स्मैक व अभियुक्त मौ0 आसिफ से 310 ग्राम अवैध स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर मु0अ0स0 0278/2026 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0स0 280/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर मा0न्या0 के समक्ष पेश किया गया।

**पूछताछ -**

अभियुक्त शबाब अहमद पुत्र शकील अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली, उम्र करीब 20 वर्ष ने पूछने पर अपने जुर्म से माफी मांगते हुए बताया कि यह स्मैक मैं मौ0 आसिफ पुत्र आशिक हुसैन निवासी मौहल्ला अंसारी वार्ड नं0 05 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली से कम दाम 900/रूपये प्रति ग्राम में खरीदता हूँ और ग्राहकों को ज्यादा दामों 1500/रूपये प्रति ग्राम पर बेचकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता हूँ। मैं यहाँ यह स्मैक आने जाने वाले लोगों व ड्राईवरों को बेचने आया था और यहाँ उनका इन्तजार कर रहा था कि पुलिस ने पकड़ लिया ।

अभियुक्त आसिफ उर्फ गबदा उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि यह स्मैक मेरे पास काफी पहले से ही रखी थी जिसे बेचकर मैं अपना व अपने परिवार खर्चा चलाता हूँ । मैं आज यहाँ यह स्मैक आने जाने वाले लोगों व ड्राईवरों को बेचने आया था और यहाँ उनका इन्तजार कर रहा था कि पुलिस ने पकड लिया। शबाब अहमद पुत्र शकील अहमद निवासी मौहल्ला नई बस्ती के बारे में पूछा गया तो बताया कि वह दो तीन बार मुझसे स्मैक खरीद कर ले गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण/ आपराधिक इतिहास -**

1. **शबाब अहमद पुत्र शकील अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।**
   मु0अ0स0 378/26 धारा 8/2129 थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली ।
2. **आसिफ उर्फ गबदा पुत्र आशिक हुसैन निवासी मौहल्ला अन्सारी वार्ड नं0 05 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।**
   मु0अ0स0 378/26 धारा 8/212/9 थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।
   मु0अ0स0 380/26 धारा 8/21 थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।

**बरामदगी -**

अभियुक्त शबाब उपरोक्त से 37 ग्राम अवैध स्मैक
अभियुक्त मौ0 आसिफ उपरोक्त से 310 ग्राम अवैध स्मैक

**पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवीन कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
2. उ0नि0 श्री आदेश कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
3. हे0कां0 984 विक्की थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
4. का0 3050 अक्षय कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
5. रि0का0 2587 शिवा पुण्डीर थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।